# कार्यालय : वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

वन भवन, ब्लॉक-'ए' पुरूलिया रोड़, चास, बोकारो-827013

Email – cf-bokaro@gov.in, bokarocf@gmail.com, cfbokaro@rediffmail.com मो० - 8987790301


पत्रांक : ..................., दिनांक : ...........................................

सेवा में,

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक,
बोकारो।

**विषय :–** **सी0सी0एल0 के नार्थ उरीमारी रेलवे साईडिंग परियोजना हेतु कुल 11.11 हे0 (हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमण्डल अंतर्गत 8.27 हे0 एवं रामगढ़ वन प्रमण्डल अंतर्गत 2.84 हे0) वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :– झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का पत्र संख्या–2513 दिनांक 29.08.2022 एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची का ज्ञापांक 897 दिनांक 07.09.2022।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रासंगिक पत्र द्वारा विषयगत वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव के क्रम में कुल 6 बिन्दुओं पर पृच्छा की गई है, जिसमें से पृच्छा बिन्दु संख्या–2 सीधे रामगढ़ वन प्रमण्डल से संबंधित है। वन प्रमण्डल पदाधिकारी, रामगढ़ वन प्रमण्डल के पत्रांक 1862 दिनांक 21.09.2022 के द्वारा उक्त पृच्छा का निराकरण प्रतिवेदन समर्पित किया गया है, जो निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | राज्य सरकार द्वारा की गई पृच्छा | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा समर्पित अनुपालन | निराकरण प्रतिवेदन |
|---|---|---|---|
| 1 | हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल अन्तर्गत प्रस्तावित जंगल–झाड़ी भूमि के संबंध में सक्षम स्तर से निर्गत एन0ओ0सी0 की प्रति। | | --- |
| 2 | रामगढ़ वन प्रमंडल अन्तर्गत प्रसतावित वनभूमि के संबंध में FRA के तहत निर्गत प्रमाण पत्र (इस क्रम में हुई बैठको की कार्यवाही के साथ) | रामगढ़ वन प्रमंडल अन्तर्गत प्रस्तावित वन भूमि के संबंध में FRA के तहत निर्गत प्रमाण पत्र (इस क्रम में हुई बैठको की कार्यवाही के साथ) छाया प्रति समर्पित की जा रही है। Annexure-1 | विषयगत परियोजना अन्तर्गत प्रस्तावित वन भूमि के संबंध में FRA के तहत निर्गत प्रमाण पत्र (इस क्रम में हुई बैठको की कार्यवाही के साथ) छाया प्रति सलग्न Annexure-1. FRA के तहत निर्गत प्रमाण पत्र Online प्रस्ताव के Additional Document में Upload कर दी गई है। |

| क्र0 सं0 | राज्य सरकार द्वारा की गई पृच्छा | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा समर्पित अनुपालन | निराकरण प्रतिवेदन |
|---|---|---|---|
| 3 | हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल अन्तर्गत प्रस्तावित वन भूमि के संबंध में FRA के तहत प्रमाण पत्र निर्गत करने के क्रम में हुई बैठको की कार्यवाही। | | --- |
| 4 | मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक झारखण्ड का मन्तव्य। | | --- |
| 5 | प्रस्ताव के पार्ट–II, Enumeration List एवं आपके कार्यालय के प्रासंगिक पत्र में उल्लेखित वृक्षों की संख्या में अन्तर को स्पष्ट करते हुए प्रतिवेदन। | | --- |
| 6 | रामगढ़ वन प्रमंडल अन्तर्गत प्रस्तावित वनभूमि के घनत्व के संबंध में पार्ट–II एवं आपके कार्यालय के प्रासंगिक पत्र में अन्तर को स्पष्ट करते हुए प्रतिवेदन। | | --- |

अतः प्राप्त निराकरण प्रतिवेदन की छः प्रतियाँ संलग्न अग्रसारित करते हुए अनुरोध है कि आवश्यक अग्रतर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

**अनु0 :– यथोक्त।**

विश्वासभाजन

**ह0/–**
वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

**ज्ञापांक** 793 **, दिनांक** 29.9.22

प्रतिलिपि :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, रामगढ़ वन प्रमण्डल को उनके पत्रांक 1862 दिनांक 21.09.2022 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

[signature] 29-9-22
वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

[signature] 29/09/2022